पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

उत्तर प्रदेश क्षय रोग निवारक संस्था की वार्षिक सामान्य बैठक सम्पन्न

क्षय रोग निवारण अभियान की सफलता जनजाग्रति एवं सामाजिक सहभागिता से ही सम्भव

क्षय रोग नियंत्रण अभियान जन आंदोलन की तरह चलाया जाये

संस्था के सदस्य क्षय रोग ग्रसित बच्चों से घर पर संवाद करें- श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 10 अप्रैल, 2021

उत्तर प्रदेश क्षय रोग निवारक संस्था की वार्षिक सामान्य बैठक राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज राजभवन के गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में राज्यपाल ने उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुये कहा कि क्षय रोग निवारण अभियान की सफलता जनजाग्रति एवं सामाजिक सहभागिता से ही सम्भव है। अतः सभी प्रतिनिधि कैलेण्डर बनाकर प्रत्येक जिले में जागरूकता कार्यक्रम चलाये तथा अधिक से अधिक क्षय रोग ग्रसित बच्चों को गोद लें। उन्होंने कहा कि जो बच्चे स्वस्थ हो चुके है, उनके स्थान पर दूसरे बीमार बच्चे लिये जा सकते है।

राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि जनपदों में जिलाधिकारी, सीडीओ, पुलिस अधीक्षक आदि स्तर के अधिकारी क्षय रोग ग्रसित बच्चों को गोद ले रहे हैं। इस कार्य में विश्वविद्यालयों, स्वयं सेवी संस्थाओं व समाज सेवियों का सहयोग मिल रहा

है। हमें इसे जनांदोलन के रूप में चलाना चाहिये। राज्यपाल ने उदाहरण देते हुये कहा कि प्रदेश में लगभग 50 हजार से अधिक कालेज हैं। यदि हर कालेज एक गांव गोद ले तो यह कार्य प्रत्येक गांव तक पहुंच जायेगा। राज्यपाल ने कहा कि तहसील स्तर पर ग्राम प्रधानों का सम्मेलन कराकर उन्हें भी इस अभियान से जोड़ने पर हमें आशातीत सफलता मिलेगी।

राज्यपाल ने सदस्यों से अपील की कि वे क्षयरोग ग्रसित बच्चों के घर जाकर उन्हें फल मिठाई, गुड़, चना, मूंगफली, सत्तू आदि दें तथा बच्चे एवं उनके परिवार से संवाद स्थापित करें इससे आत्मीयता की भावना को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रबुद्ध वर्ग, समाज सेवी, चिकित्साविद्, राजनैतिज्ञ, शिक्षाविद् एवं निजी क्षेत्र सभी अपने राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व समझेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा प्रदेश व देश क्षय रोग मुक्त हो जायेगा।

इस अवसर पर राज्यपाल सहित समस्त सदस्यों ने वर्तमान कमेटी के समाप्त हुये कार्यकाल को ध्वनिमत से आगे के लिये अनुमोदित कर दिया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता तथा उत्तर प्रदेश क्षय रोग निवारक संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश क्षय निवारक संस्था
की सामान्य सभा की वार्षिक बैठक
दिनांक : 10 अप्रैल, 2021
समय : 11:00 बजे
राजभवन, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश क्षय निवारक संस्था
की सामान्य सभा की वार्षिक बैठक
समय : 11:00 बजे
राजभवन, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश क्षय निवारक संस्था
की सामान्य सभा की वार्षिक बैठक
दिनांक : 10 अप्रैल, 2021
समय : 11:00 बजे
राजभवन, लखनऊ।